# तेज रफ्तार ट्रक ने ली 70 वर्षीय बुजुर्ग की जान







**खास बातें**

- आक्रोशित लोगों ने लगाया चक्का जाम
- धर्मकांटा क्षेत्र में हादसा, अवैध पार्किंग को दुर्घटनाओं की वजह बताते हुए कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 10 जुलाई, नगर के धर्मकांटा क्षेत्र में शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से एक 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद आक्रोशित नागरिकों ने सड़क पर चक्का जाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई.**

जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक ऋ्ष्ठ 09 तश्व 8964 बासौदा शहर की ओर से कृषि उपज मंडी की तरफ जा रहा था. इसी दौरान विजयनगर सेक्टर-2 निवासी रतिराम गौड़ (70) सड़क पार कर रहे थे. ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई.स्थानीय लोगों ने बताया कि रतिराम गौड़ प्रतिदिन धर्मकांटा स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर दर्शन के लिए आते थे. शुक्रवार को भी मंदिर से दर्शन कर घर लौटते समय यह हादसा हो गया. दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया. बाद में उसने ग्राम हतौड़ा में ट्रक खड़ा कर दिया और वहां से भाग निकला.

घटना से नाराज लोगों ने मौके पर चक्का जाम कर दिया. करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं. सूचना मिलने पर पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची, जिसके बाद स्थिति को नियंत्रित किया गया.नागरिकों का आरोप है कि धर्मकांटा क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर ट्रक-ट्राले और ट्रैक्टर-ट्रॉलियां दिन-रात खड़ी रहती हैं. इससे सड़क संकरी हो जाती है और पैदल यात्रियों को बीच सड़क से निकलने के लिए मजबूर होना पड़ता है. लोगों का कहना है कि इसी कारण इस क्षेत्र में लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं.आक्रोशित नागरिकों ने शासन-प्रशासन से धर्मकांटा क्षेत्र में अवैध रूप से खड़े भारी वाहनों को तत्काल हटाने और सड़क किनारे वाहन खड़े करने पर सख्ती से प्रतिबंध लगाने की मांग की है.पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है. मामले की जांच जारी है.

### धर्मकांटा महादेव मंदिर के बाहर खड़े भारी वाहन बन रहे खतरा, श्रद्धालुओं और राहगीरों की बढ़ी परेशानी

धर्मकांटा क्षेत्र में महादेव मंदिर के बाहर सड़क किनारे खड़े रहने वाले भारी वाहन आम लोगों के लिए परेशानी और हादसों का कारण बनते जा रहे हैं. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मंदिर के आसपास ट्रक, ट्राले और अन्य भारी वाहन लंबे समय तक खड़े रहते हैं, जिससे आवागमन बाधित होता है और सड़क पार करना जोखिम भरा हो जाता है.बताया गया है कि यही स्थिति ग्राम हथोड़ा से नवीन कृषि उपज मंडी तक बनी रहती है. मार्ग के दोनों ओर दुकानों के सामने भी भारी वाहन खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे सड़क संकरी हो जाती है और यातायात प्रभावित होता है.धर्मकांटा स्थित महादेव मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु, विशेषकर बुजुर्ग, दर्शन के लिए आते-जाते हैं. सड़क किनारे खड़े वाहनों के कारण उन्हें रोड पार करने में काफी कठिनाई होती है. स्थानीय लोगों का कहना है कि इसी वजह से इस क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं.नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि मंदिर और बाजार क्षेत्र के आसपास भारी वाहनों की पार्किंग पर तत्काल रोक लगाई जाए. साथ ही ग्राम हथोड़ा से नवीन कृषि उपज मंडी तक सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटाकर नियमित यातायात व्यवस्था लागू की जाए. लोगों का कहना है कि यदि इस दिशा में समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में और गंभीर हादसे हो सकते हैं.

### बरेठ रोड पर बढ़ते हादसे चिंता का विषय, भारी वाहनों पर नियंत्रण की जरूरत

धर्मकांटा क्षेत्र में हुए सड़क हादसे के बाद एक बार फिर बरेठ रोड की यातायात व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस मार्ग पर लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन अब तक प्रभावी कदम नहीं उठाए गए हैं.बरेठ रोड शहर का सबसे व्यस्त मार्ग माना जाता है. इसी मार्ग पर कृषि उपज मंडी, कॉलेज, स्कूल, जनपद पंचायत, कृषि विभाग सहित कई महत्वपूर्ण कार्यालय स्थित हैं, जिससे पूरे दिन वाहनों और पैदल राहगीरों की आवाजाही बनी रहती है. इसके बावजूद भारी वाहन तेज गति से गुजरते हैं और उनके प्रवेश का कोई निर्धारित समय नहीं है.नागरिकों का आरोप है कि कई बार नशे की हालत में वाहन चालक भी शहर की सीमा में तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं. भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भी गति कम नहीं की जाती, जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. लोगों का कहना है कि यातायात पुलिस की निष्क्रियता के कारण स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है.स्थानीय लोगों ने मांग की है कि शहरी सीमा में भारी वाहनों के प्रवेश और आवागमन का समय निर्धारित किया जाए. साथ ही शहर के भीतर भारी वाहनों के लिए गति सीमा का सख्ती से पालन कराया जाए और नियमित यातायात निगरानी की जाए. उनका कहना है कि यदि प्रशासन समय रहते ठोस निर्णय लेता है तो सड़क दुर्घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है और लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित होगी.

# हनोता डैम में जलभराव शुरू होने से मार्ग बंद

- पठारी-खुरई मार्ग परिवर्तित, दलपतपुर घाट का पुल जलभराव की जद में
- अब दानखेड़ी होकर करना होगा आवागमन



नवभारत न्यूज

**पठारी 10 जुलाई, हनोता डैम परियोजना में इस वर्ष से जलभराव शुरू होने के साथ ही पठारी-खुरई मार्ग पर बड़ा बदलाव किया गया है. डैम के जलस्तर में वृद्धि के कारण दलपतपुर घाट स्थित पुल के जलमग्न होने की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन इस मार्ग को बंद कर दिया है.**

हनोता डैम परियोजना के एसडीओ के.एल. सूर्यवंशी ने बताया कि इस वर्ष से बांध को भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. जलस्तर बढ़ने के बाद दलपतपुर घाट का पुल डूब क्षेत्र में आ जाएगा, जिससे इस मार्ग पर आवागमन सुरक्षित नहीं रहेगा. इसी कारण लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुल से होकर गुजरने वाले मार्ग को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है.उन्होंने बताया कि डैम में स्थायी जलभराव रहने के कारण भविष्य में भी यह मार्ग बंद रहेगा. ऐसे में पठारी से खुरई आने-जाने वाले वाहन चालकों को अब दानखेड़ी होकर वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करना होगा.प्रशासन ने क्षेत्र के नागरिकों और वाहन चालकों से अपील की है कि वे परिवर्तित यातायात व्यवस्था का पालन करें तथा सुरक्षा संबंधी निर्देशों का अनुपालन करें, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना या अप्रिय स्थिति से बचा जा सके. हनोता डैम परियोजना के कारण क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में यह महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है.

## बिजली चोरी पर सख्त कार्रवाई, आरोपी को एक वर्ष का कारावास

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** विशेष न्यायाधीश (विद्युत) न्यायालय ने बिजली चोरी के मामले में आरोपी शिंगराम सिंह यादव, निवासी ग्राम विसोनिया, तहसील व थाना शमशाबाद को दोषी ठहराते हुए एक वर्ष के साधारण कारावास तथा 75,479 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है. मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपमहाप्रबंधक श्रवण कुमार पटेल ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था. न्यायालय ने साक्ष्यों के आधार पर फैसला सुनाया. उन्होंने कहा कि बिजली चोरी गंभीर एवं दंडनीय अपराध है. कंपनी द्वारा ऐसे मामलों में लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी. नागरिकों से केवल वैध बिजली कनेक्शन का उपयोग करने की अपील की गई है.




## 35 खिलाड़ी जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में लेंगे भाग

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** 22 वीं जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन बैडमिंटन हॉल, खेल स्टेडियम विदिशा में 12 जुलाई 2026 को किया जा रहा है. उक्त प्रतियोगिता से आगामी दिनों में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए विदिशा जिले की ताइक्वांडो टीम का चयन किया जाएगा. उक्त जानकारी देते हुए ताइक्वांडो प्रशिक्षक सरदार सिंह कुशवाह ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सब जूनियर, कैडेट, जूनियर एवं सीनियर वर्गों में खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा. जिसमें जिले के सभी ब्लॉकों की ताइक्वांडो खिलाड़ियों की टीम भाग लेंगी. सिरोंज ब्लॉक से आदर्श ताइक्वांडो क्लब के 35 खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रविवार को सुबह विदिशा के लिए रवाना हुए. टीम के कोच सरदार सिंह कुशवाह, विशाल कुशवाह, निधि साहू एवं अनिकेत कुशवाह सभी सहायक कोच टीम के साथ मौजूद रहेंगे.

**एक नजर में**

### पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह का सिरोंज दौरा आज

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह रविवार 12 जुलाई को सिरोंज आएंगे. इस दौरान वह वरिष्ठ अभिभाषक स्व. अवध नारायण श्रीवास्तव के निवास पर पहुंचकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे एवं उनके परिजनों से मिलेंगे. वही दोपहर 1.30 बजे समरसता कार्यक्रम के तहत मुख्य बाजार से छत्री चौराहा तक पहुंचेंगे. जिसके बाद वह छत्री चौराहा कार्यालय पर आम जन से मुलाकात करेंगे. तथा पत्रकारों से चर्चा करेंगे.

## मंदिरों की सुरक्षा को लेकर भाजपा पर कांग्रेस का हमला

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अरुण कुमार अवस्थी ने मंदिरों की सुरक्षा को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि अयोध्या राम मंदिर, ओरछा के रामराजा मंदिर, बद्रीनाथ धाम और बंगलामुखी मंदिर सहित कई प्रमुख धार्मिक स्थलों पर चोरी की घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं. इन घटनाओं से करोड़ों श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं. अवस्थी ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव के समय आस्था और धर्म की बात करती है, लेकिन मंदिरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही है. उन्होंने मांग की कि सभी प्रमुख मंदिरों में हुई चोरी की घटनाओं की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो तथा सीसीटीवी, आधुनिक तकनीक और पर्याप्त सुरक्षा बलों के माध्यम से धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए.

# विश्व हिन्दू परिषद का दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग प्रारंभ

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** विश्व हिन्दू परिषद के दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग का शुभारंभ शनिवार को कुरवाई रोड स्थित एक गार्डन में हुआ. उद्घाटन सत्र में विहिप मध्यभारत प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह चौहान ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 1964 में लगाया गया संगठन का पौधा आज विशाल वटवृक्ष बन चुका है. उन्होंने विहिप के बारे में बताते हुए कहा कि विश्व हिन्दू परिषद आज हिंदू समाज का सबसे बड़ा कार्यरत संगठन है, जिसने स्थापना काल से ही सामाजिक समरसता को अपनी कार्ययोजना का प्रमुख आधार बनाया है.

उन्होंने कहा कि परिषद ने समाज के सभी वर्गों को एक सूत्र में जोड़ने का कार्य किया है. संगठन ने जिन उद्देश्यों को लेकर अपनी यात्रा प्रारंभ की थी, उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं. अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण परिषद के लंबे संघर्ष, समाज की आस्था और सामूहिक संकल्प का महत्वपूर्ण परिणाम है. उन्होंने कार्यकर्ताओं से सेवा, संगठन और संस्कार के कार्यों को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया. संजय मेहता ने कहा कि संगठन के कार्यकर्ता समाज और राष्ट्र की सेवा में निरंतर सक्रिय हैं.

इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद की युवा शाखा बजरंग दल के सेवा सप्ताह के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह चौहान, समाजसेवी संजय मेहता तथा विभाग संगठन मंत्री मुकेश माहेश्वरी ने युवा कार्यकर्ताओं के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनका संरक्षण करने का संकल्प लेना चाहिए. दो दिवसीय अभ्यास वर्ग में संगठन के इतिहास, कार्यपद्धति, सेवा कार्य, सामाजिक समरसता, धर्म जागरण, संगठन विस्तार तथा समसामयिक विषयों पर विभिन्न सत्र आयोजित किए जाएंगे. इन सत्रों में कार्यकर्ताओं को संगठन की आगामी कार्ययोजना एवं दायित्वों के संबंध में मार्गदर्शन दिया जाएगा. अभ्यास वर्ग में जिले के सभी 10 प्रखंडों से जिला, प्रखंड, खंड एवं ग्राम स्तर के अपेक्षित कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की.

## 15 जुलाई को डीजे के साथ निकलेगी श्री जगन्नाथ पुरी मनोर धाम की पैदल यात्रा

नवभारत न्यूज

**पठारी.** भारत भ्रमण तीर्थ यात्रा समिति एवं क्षेत्रवासियों के तत्वावधान में 15 जुलाई को श्री जगन्नाथ पुरी मनोर धाम के लिए भव्य पैदल यात्रा निकाली जाएगी. यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समिति द्वारा की गई हैं.

समिति के अनुसार 15 जुलाई, बुधवार की सुबह 5 बजे श्री बड़ी माता मंदिर परिसर से प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जो पूरे पठारी नगर की परिक्रमा करेगी. इसके बाद श्रद्धालु श्री पठार वाली हनुमान मंदिर परिसर में एकत्रित होंगे, जहां से डीजे के साथ पैदल यात्रा का शुभारंभ होगा. यात्रा में शामिल श्रद्धालु पीले एवं लाल रंग के वस्त्र धारण कर धार्मिक उत्साह के साथ रवाना होंगे.यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं का स्वागत किया जाएगा. यात्रा फार्म चौराहा, राधिका मैरिज गार्डन, खैरी तिगड़ा, लहरावदा, सुमेर, रसूलपुर, लगधा और बागरोद चौराहा से होकर गुजरेगी. बागरोद चौराहे पर श्रद्धालुओं के लिए दोपहर के भंडारे की व्यवस्था दीपक लोधी हासमपुर एवं आर्मी के साथियों द्वारा की जाएगी.इसके बाद यात्रा काला पाठा होते हुए ग्यारसपुर पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम, भंडारा एवं भजन संध्या का आयोजन होगा. 16 जुलाई, गुरुवार की सुबह 5 बजे श्रद्धालु ग्यारसपुर से पुनः पैदल यात्रा प्रारंभ करेंगे.



## विधि शिक्षा से युवाओं को मिल रहे नए अवसर, कुशाभाऊ ठाकरे लॉ कॉलेज में एलएलबी प्रवेश अंतिम चरण में

- 15 जुलाई तक प्रवेश की अंतिम तिथि
- न्यायिक सेवा वकालत और कॉर्पोरेट लॉ में करियर बनाने का अवसर




नवभारत न्यूज

**विदिशा. बदलते दौर में विधि शिक्षा युवाओं के लिए एक आकर्षक और संभावनाओं से भरपूर करियर विकल्प बनकर उभर रही है. न्यायिक सेवाओं, वकालत, कॉर्पोरेट लॉ, साइबर लॉ, बैंकिंग, बीमा तथा विभिन्न सरकारी और निजी संस्थानों में विधि विशेषज्ञों की बढ़ती मांग को देखते हुए कुशाभाऊ ठाकरे लॉ कॉलेज, विदिशा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए तीन वर्षीय एलएलबी पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है.**

महाविद्यालय बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल से संबद्ध एवं बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई), नई दिल्ली से अनुमोदित है. यहां विद्यार्थियों को अनुभवी विधि प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है. नियमित मूट कोर्ट, केस स्टडी, विधिक संगोष्ठियां, लीगल एड कैंप, व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को न्यायिक और विधिक क्षेत्र की चुनौतियों के लिए तैयार किया जाता है.महाविद्यालय प्रबंधन के अनुसार एलएलबी की डिग्री अब केवल वकालत तक सीमित नहीं रह गई है. इसके माध्यम से न्यायिक सेवा, लोक अभियोजन, विधिक सलाहकार, कॉर्पोरेट कंपनियों, बैंकिंग संस्थानों, प्रशासनिक सेवाओं तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में भी रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं.महाविद्यालय संचालक आनंद शरण ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया अंतिम चरण में है और अब केवल सीमित सीटें शेष हैं. उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है. उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं अर्धशहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों में विधि शिक्षा के प्रति रुचि लगातार बढ़ रही है और संस्थान का उद्देश्य उन्हें गुणवत्तापूर्ण एवं व्यवहारिक शिक्षा देकर न्यायिक क्षेत्र में सफल बनाना है. उन्होंने इच्छुक विद्यार्थियों से समय-सीमा के भीतर आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रवेश सुनिश्चित करने की अपील की.

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **लक्ष्मीनारायण आदिवासी (LAXMI NARAYAN ADIWASI)** मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश/गलती से मेरा नाम **राजाराम (RAJARAM)** गलत अंकित हो गया है। अत: मेरे पहचान पत्र समग्र आईडी में सही नाम **लक्ष्मीनारायण आदिवासी (LAXMI NARAYAN ADIWASI)** दर्ज है । अत: राजपत्र के प्रकाशन उपरांत मेरा सही नाम **लक्ष्मीनारायण आदिवासी (LAXMI NARAYAN ADIWASI)** सभी शासकीय एवं अशासकीय दस्तावेजो में लिखा पढ़ा एवं दर्ज किया जाए।

**पुराना नाम-राजाराम (RAJARAM)**
**नया नाम-लक्ष्मीनारायण आदिवासी (LAXMI NARAYAN ADIWASI)**
पिता का नाम भजन लाल
पता ग्राम गुटोरी पोस्ट प्रतापगढ़
जिला रायसेन

**मौन सूचना**

विकास पचौरी जी मौन साधना कर रहे हैं. इसलिए निःशुल्क शव वाहन हेतु कृपया फोन न करें बल्कि शेरपुरा विदिशा स्थित विकास पचौरी रेडियो स्टेशन आकर जानकारी देने की कृपा करें.

ब्लड की जरूरत होने पर www.vikaspachori.in वेबसाइट पर रक्तदाताओं की लिस्ट देखने का कष्ट करें.

मोबाइल के प्ले स्टोर पर टाइप कीजिए VIKAS PACHORI RADIO

विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
और फिर 24 घंटे आनंद लीजिए

**जांच-पड़ताल** | **यातायात पुलिस ने की वाहनों की जांच, अभिभावकों को पढ़ाया सुरक्षा का पाठ**

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर 17 वाहनों पर चालानी कार्यवाही



नवभारत न्यूज

**सिरोंज, मिशन सुरक्षित बचपन, सुरक्षित सड़क के तहत विदिशा पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक विशेष सघन अभियान चलाया गया. यह अभियान पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे तथा एसडीओपी सिरोंज सोनू डाबर के मार्गदर्शन और यातायात प्रभारी सूबेदार रितेश वाघेला के नेतृत्व में चलाया गया.**

अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने की कुरवाई रोड पर स्कूली वाहनों की जांच की. इस दौरान यातायात नियमों के उल्लंघन पर वाहनों पर पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की. बिना लाइसेंस और कम उम्र के चालकों द्वारा संचालित वाहनों को चिन्हित कर उनके परिजनों को मौके पर बुलाकर आगे से बच्चों को वाहन नही चलाने देने की सख्त हिदायत दी गई. बिना परमिट, बिना फिटनेस और अधूरे दस्तावेजों के साथ संचालित मैजिक व ऑटो रिक्शा के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 17 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई और 10 हजार 800 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया.

### अभिभावकों को किया जागरूक

संस्कार ग्रीन वैली स्कूल में यातायात पुलिस द्वारा एक विशेष अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया. इस दौरान पुलिस टीम ने अभिभावकों और बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया. अभिभावकों को समझाया गया कि वे केवल उन्हीं वाहनों का चयन करें जो सुरक्षा मानकों जैसे- सीसीटीवी, फर्स्ट एड किट, अग्निशमन यंत्र का पालन करते हैं. विद्यार्थियों को सड़क पार करने के सही तरीके, हेलमेट की अनिवार्यता और स्कूल बस में अनुशासन के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया. अभिभावक क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने वाले असुरक्षित ऑटो या मैजिक वाहनों का बहिष्कार करें.

### वाहन चालकों को दिए सख्त निर्देश

जांच के दौरान वाहन चलाते समय तंबाकू, गुटखा या अन्य नशीले पदार्थों का सेवन करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई. बारिश के मौसम को देखते हुए वाहनों की अच्छी स्थिति और सुरक्षात्मक जाली की जांच अनिवार्य की गई. नागरिकों को शासन की जनहितकारी योजनाओं राह-वीर योजना, कैशलेस उपचार योजना, दुर्घटना के बाद गोल्डन ऑवर में निःशुल्क उपचार, हिट एंड रन प्रतिकर योजना के बारे में भी बताया गया.

## शहर वाचनालय में मनाया गया विश्व जनसंख्या दिवस

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा. शहर वाचनालय में पाठक संघ के तत्वावधान में शुक्रवार को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया. कार्यक्रम का संचालन पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी ने किया. उन्होंने विश्व जनसंख्या दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जनसंख्या नियंत्रण एवं जागरूकता की आवश्यकता बताई.**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू ने कहा कि 11 जुलाई 1987 को विश्व की जनसंख्या 5 अरब पहुंचने के बाद तेजी से बढ़ती आबादी पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बन गई थी. इसी को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र (यूनाइटेड नेशंस) ने परिवार नियोजन और जनसंख्या नियंत्रण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 11 जुलाई 1989 को पहली बार विश्व जनसंख्या दिवस मनाया. इसके बाद वर्ष 1990 से 90 से अधिक देशों में इसका आयोजन शुरू हुआ और तब से यह दिवस प्रतिवर्ष मनाया जा रहा है.उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस अलग-अलग थीम पर मनाया जाता है. इस वर्ष की थीम युवाओं को एक निष्पक्ष और आशापूर्ण विश्व में अपने मनचाहे परिवार बनाने के लिए सशक्त बनाना निर्धारित की गई है. उन्होंने कहा कि जनसंख्या संतुलन, शिक्षा और परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता से ही सतत विकास के लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं.कार्यक्रम के अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर दिलीप देसाई, विजय अरोड़ा, सोडू भाई, नंदकिशोर सोनी, कैलाश नेमा, टीपू सोलंकी, मोहन सैनी सहित बड़ी संख्या में पाठकगण उपस्थित रहे.